IIM के छात्र को मिला 64 लाख का पैकेज

■ नागपुर, व्यापार प्रतिनिधि. आईआईएम नागपुर में हुए प्लेसमेंट में छात्रों को शानदार पैकेज पेशकश किया गया. प्लेसमेंट में देश-दुनिया की बड़ी कंपनियां शामिल हुईं. छात्रों को जहां 16.74 लाख रुपये का औसत पैकेज मिला, वहीं सर्वाधिक पैकेज पाने वाले छात्र को 64 लाख रुपये का दिया गया.

16.74
लाख औसत पैकेज

10 %
बढ़ा

प्लेसमेंट में टॉप 100 कंपनियों में माइक्रोसाफ्ट, अदानी, आईसीआईसीआई बैंक, बैंक ऑफ अमेरिका, बीएनवाई मेलॉन, इंडस वैली, पार्टनर आदि शामिल हुईं. प्लेसमेंट में शामिल हुए छात्रों को एडीपी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, यश बैंक, केपीएमजी, डेलायट, इंफोसिस, एक्वेंचर, आईबीएम, एचसीएल टेक, टीवीएस मोटर, लोरियाल, एचडीएफसी बैंक ने भी ऑफर दिया और नौकरी दी है. आईटी, आईटीईएस, बीएफएसआई सेक्टर काफी एग्रेसिव रहे. 70 फीसदी छात्र इन्हीं सेक्टरों को चुना है. स्टैटजिक कंसल्टिंग, एनालेटिक, सेल्स एंड मार्केटिंग, फाइनेंस, प्रोडक्ट मैनेजमेंट सेक्टर में काफी रोजगार मिला. आईआईएम निदेशक भिमराया मैत्री ने कहा कि छात्रों की सफलता से संस्थान के शैक्षणिक वातावरण का पता चलता है. न्यू जनरेशन कोर्स और इकोसिस्टम के कारण छात्र बेहतर कर रहे हैं.